## एक नजर में

### गायत्री परिवार मंदसौर के कार्यकर्ताओं ने भोपाल में युवा चेतना शिविर में की भागीदारी



**मंदसौर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा मंदसौर के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भोपाल में आयोजित प्रांतीय युवा चेतना शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या ने दीप प्रज्वलन से किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गायत्री परिवार समाज में नशा मुक्ति, दहेज उन्मूलन, वृक्षारोपण और देव संस्कृति के पुनर्जागरण के कार्यों में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी नारी सदी और भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में गायत्री परिवार लगातार आगे बढ़ रहा है। डॉ. चिन्मय पंड्या ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से किया गया कार्य ही सच्ची साधना है। उन्होंने युवाओं से युग परिवर्तन के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आग्रह किया। मंदसौर युवा प्रकोष्ठ प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर से 3500 से अधिक युवाओं ने गुरुजी के 21वीं सदी उवल भविष्य के संकल्प को पूरा करने की शपथ ली। गायत्री परिवार समाज में नशा मुक्ति, वृक्षारोपण और दहेज प्रथा उन्मूलन जैसे अभियानों को आगे बढ़ाएगा।

### जिले में अब तक 937 .3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर** ।जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 937 .3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 1 .0 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 1 .0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी., सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 0 .6 मि.मी., भानपुरा में 1 .4 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 6 .0 मि.मी., धुधंड़का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 2 .0 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 931 .0 मि.मी., सीतामऊ में 884 .4 मि.मी. सुवासरा में 896 .6 मि.मी., गरोठ में 765 .2 मि.मी., भानपुरा में 1617 .6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 657 .0 मि.मी., धुधंड़का में 981 .0 मि.मी., शामगढ़ में 857 .8 मि.मी., संजीत में 704 .4 मि.मी., कयामपुर में 815 .3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 1200 .4 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्?तर अब तक 1311 .10 फीट है।

### नगरहित के मुद्दों पर नपा बैठक में दिए सुझाव



**मंदसौर।** नपा पार्षद सुनील बंसल ने नगर पालिका बैठक में कहा कि मंदसौर के मास्टर प्लान को लेकर पार्षदों, कॉलोनाइजरों और प्रभावित भूमि मालिकों की संयुक्त बैठक बुलाई जाए, ताकि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए संशोधित कार्ययोजना तैयार की जा सके। बंसल ने कहा कि मास्टर प्लान परिषद से पारित नहीं हुआ है, अत: इस पर सभी संबंधितों की राय आवश्यक है। उन्होंने पशुपतिनाथ मेले में सभी का बीमा कराने, दीनदयाल भोजनालय शुरू करने और मीडिया बजट बढ़ाने के सुझाव भी दिए। बंसल ने बताया कि पिछली बैठकों में दिए गए कई सुझावों का उल्लेख कार्यवाही विवरण में नहीं किया गया। उन्होंने नगर में मटन मार्केट, नालियों, सड़कों, दशपुर कुंज में बच्चों की ट्रेन, अग्रसेन व प्रह्लाद बंधवार की प्रतिमा सहित लंबित कार्यों पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान में आवासीय और ग्रीन बेल्ट भूमि से जुड़ी विसंगतियों को भी शीघ्र दूर किया जाए।

### कलेक्टर ने ईआरओ को दिए निर्देश, मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने पर जोर



**मंदसौर** ।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रारंभ हो गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने जिले के सभी ईआरओ को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। मतदाता अपने विवरण का सत्यापन निर्वाचन आयोग की वेबसाइट httpsÑ//voters.cci.gov.in पर भी कर सकते हैं। प्रारूप प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को होगा, दावे–आपत्तियाँ 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक ली जाएंगी और अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कलेक्टर ने राजनीतिक दलों से अपने BLA (Booth Level Agent) नियुक्त करने और नागरिकों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सुधार कराने की अपील की, ताकि सूची अधिक सटीक और विश्वसनीय बन सके।

### गोपाष्टमी पर्व पर विहिप भालोट प्रखंड ने रेवास गोशाला में गौ माता व बछड़े का पूजन कर गुड़ व लाप्सी का आहार कराया



**मन्दसौर।** विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग देशी गौवंश रक्षण संवर्धन परिषद न्यास मालवा प्रांत अध्यक्ष श्री भगवान दास ज्ञानानी की उपस्थिति में गोपाष्टमी कार्यक्रम रेवासदेवड़ा स्थित शासकीय गौशाला में संपन्न हुआ। श्री ज्ञानानी के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को गौपालन करना चाहिए, गौमाता में देवी देवताओ का वास होता हैं गौसेवा व गौ पूजन से सभी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गौमाता का गोमूत्र गोनित गोबर हमारे पूजन में कार्य करता है। देशी गाय के दूध से हम शक्तिशाली बनते हैं गौ माता का गोबर हम हमारे खेतों में डालकर अच्छी फसल भी ले सकते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य ठीक रहे गोवंश का कृषि कार्य मे उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में रेवास देवड़ा प्रखंड के प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख श्याम साहू, प्रखंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख हेमंत धनगर, खंड अध्यक्ष गोपाल पाटीदार, खंड संयोजक अनिल खोखर, खंड सत्संग प्रमुख राजेश सोनी, खंड सह सत्संग प्रमुख चरण दास, गोपाल कुमावत, राजेश कुमावत, दीपक खोखर, विजय बारेठ, मंगलदास बैरागी, विष्णु कुमावत, श्रवण खोखर के साथ ही प्रखंड, खंड, व ग्राम समिति के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी परिसर में बनेगा बड़ा डोम

- **पास ही स्थित ऊपरी तल की दुकानें : नीतिगत भूल या अनदेखा भविष्य**
- **2018 में 20 लाख की लागत से बनी 16 दुकानें अब तक नहीं बिकीं, तीन बार हुई नीलामी भी रही विफल**
- **नगर परिषद को लाखों का राजस्व नुकसान**



**मनासा।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत नगर परिषद मनासा द्वारा शहर की मुख्य सब्जी मंडी को आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगभग 30 लाख रुपये की लागत से नया डोम निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य फुटकर सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना और आम जन को सुविधा प्रदान करना है।

हालांकि निर्माण शुरू हुए एक माह बीत जाने के बाद भी कार्य ने रफ्तार नहीं पकड़ी, जिससे अस्थाई रूप से बाहर बैठे फुटकर विक्रेताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम इस असुविधा को और बढ़ा रहा है।

**लाखों के राजस्व का नुकसान**–वहीं दूसरी ओर, सब्जी मंडी परिसर में वर्ष 2018 में नगर परिषद ने ऊपरी तल पर 20 लाख की लागत से 16 छोटी दुकानों का निर्माण कराया था, लेकिन अब तक तीन बार नीलामी होने के बावजूद एक भी दुकान नहीं बिक पाई।

सात वर्षों से ये दुकानें उपयोग में नहीं आ पाईं — यह केवल एक असफल नीलामी नहीं, बल्कि योजना निर्माण में दूरदर्शिता की कमी और प्रशासनिक निष्क्रियता का उदाहरण बन चुकी हैं।

व्यापारी वर्ग की आवश्यकताओं, स्थान की व्यवहारिकता और बाजार की परिस्थितियों का अध्ययन किए बिना निर्माण कराया गया, जिसके चलते दुकानें अनुपयोगी साबित हुईं। ऊपरी तल पर दुकानें बनाना, एक नागरिक सुविधा की जगह अब सिर्फ कागजी परियोजना बनकर रह गया है।

**यह हो सकते हैं व्यावहारिक विकल्प**–क्या इन दुकानों को किराये पर देकर राजस्व बढ़ाया जा सकता है

क्या इन्हें सरकारी या अर्धसरकारी गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है

क्या युवाओं के स्टार्टअप या स्व–सहायता समूहों को प्रेरित कर इनका उपयोग कराया जा सकता है

नया निर्माण प्रगति का संकेत है, परंतु पहले किए गए कार्यों में सुधार करना भी नगर परिषद का दायित्व है।

**अधिकारी का पक्ष** – नगर परिषद सीएमओ रविश कादरी ने बताया कि त्योहारों के कारण निर्माण कार्य में कुछ देरी हुई है। अगले एक महीने में सब्जी मंडी परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। ऊपरी तल की दुकानों के लिए अब ऑफलाइन नीलामी प्रक्रिया की स्वीकृति लेकर पुन: प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें।



## युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपदा है : सिसोदिया

- **प्रत्येक बूथ पर युवा क्रांति का होगा आगाज़ – दीक्षित**

**मंदसौर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला सम्मेलन हाटकेश्वर भवन मंदसौर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक हरदीप सिंह डंग सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता सिसोदिया ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी संपदा हैं। युवाओं को स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया जैसी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। दीक्षित ने कहा कि हर मंडल और हर बूथ पर युवा क्रांति का आगाज़ होगा। डंग ने युवाओं से अपना टाइम और माइंडसेट देश निर्माण की दिशा में लगाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने युवाओं से स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण व उपयोग का संकल्प लेने की अपील की। सम्मेलन का संचालन बंटी चौहान ने किया एवं आभार दीपक शर्मा ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौमाता की पूजा के साथ गोसेवकों व गोपालकों का भी सम्मान हो : माया लालवानी

- **गौमाता की पूजा आरती कर मनाया गोपाष्टमी पर्व –**



**नीमच।** गोपाष्टमी पर्व आज बुधवार 29 अक्टूबर 2025 को शाम 4 बजे तांगा अड्डा स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री सतगुरू गौशाला में राष्ट्रीय गौसेवा संघ के तत्वाधान में महिलाओं ने गौमाता को हरा चारा, खल, गुड़ खिलाकर और पूजा अर्चना व आरती कर गौमाता की सुख समृधि एवं स्वस्थ दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की। राष्ट्रीय गौसेवा संघ जिलाध्यक्ष एड़ माया लालवानी ने कहा कि गोपाष्टमी पर्व शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाई जाती है हमें हर गाय के पोषण हेतु 10 रूपये निकालना चाहिये ताकि कोई भी गौमाता आहार से वंछित न रहें और भगवान कृष्ण के हृद्रय में भी गायों का वास था भातर कृषि प्रधान देश है जहां हर ग्रामीण क्षेत्रों में गौमाता का पाला जाता है जिससे उसका दूध अमृत समान होता है। गौमाता मे 33 करोड़ देवी देवता का वास होता है जिनके दर्शन मात्र से ही प्राणी के सभी कष्टों का हरण हो जाता है। महिलाओं ने इस अवसर पर विगत 21 वर्षो से निरन्तर गोपालक व गोसेवा करने वाले सेवक खुशाल धामेचा को शॉल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान के उपरान्त श्री धामेचा ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं गौमाता की सेवा का सम्मान है इस अवसर पर सभी ने गौसेवा कर पूरे विश्व में शांति एवं भारत में सुख समृधि की सामुहिक प्रार्थना की गई। साथ गंगेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने छोटी–छोटी गय्या नानो सो मेरो मदन गोपाल, मुझे अपने ही रंग में रंग मेरे यार सांवरे मुरली बजाओ रे श्यामा तेरे चरणों की धुल जो गर मिल जाए सच कहती हूं तकदीर संवर जाय आदि भजन प्रस्तुत कर गौमाता को सुनाएं। महिलाओं ने गौमाता की सामुहिक जयघोष लगाई। इस अवसर पर गुरूजी श्रीचन्दखुबचन्दानी, गोभक्त खुशालदास धामेचा, राष्ट्रीय गौसेवा संघ जिलाध्यक्ष एड़ माया (मीनू) लालवानी, पुनम धामेचा, कुंज धामेचा, भारती मंगवानी, रूकमणी जैसवानी, ज्योति रोहिड़ा, जिया रामचन्दानी, हिंमाशी रामचन्दानी, चन्द्रप्रकाश मोमू लावानी, चन्द्रशेखर जायसवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं महिलाऐं उपस्थित थी।

## सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ अनवरत जारी



**मनासा। मंदिरो की इस पावन नगरी में सनातन काल से चले आ रहे धर्म, आध्यात्म, सत्संग समागम की पवित्र, निर्मल धारा वर्तमान में श्री हनुमान चालीसा पाठ के रुप में जारी है,जिसमें हर बार भक्तो की संख्या बढ़ती ही जा रही है।**

अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के युवा,ओजस्वी, राम राष्ट्र के प्रबल उद्घोषक संत श्रीचेतनरामजी (उदयपुर) की पावन प्रेरणा से नगर में सनातन सत्संग मंडल व्दारा जारी सामुहिक श्रीहनुमान चालीसा का 58वां पाठ भारी संख्या में मौजूद सनातन परिवारो ने श्रीराम व्दारा परिसर में सम्पन्न किया, जिसके लाभार्थी मारु परिवार रहे।

सत्संग का प्रारंभ अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रवर्तक आद्य आचार्य स्वामीजी श्रीरामचरणजी महाराज व श्रीहनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्री प्रद्युम्न मारु,अनिरुद्ध माधव मारु,श्रीमती निर्मला मारु, राजकुमार मारु आदि ने किया।

सत्संग में राजकुमार मारु,गोपाल राठौर, सत्यनारायण सोनी,अर्पित शर्मा,अरुण झंवर, हरिश ग्रोवर ,कमल विजयवर्गीय, ओम सोनी,विजय उपाध्याय आदि ने सुमधुर भजनो की प्रस्तुति दी। विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने ऐ दु:ख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार भजन गाकर वातावरण को आनंदित कर दिया व उपस्थित सत्संगी भक्तो को अपने संबोधन में नगर में धर्म जागरण,संस्कार, सद्भाव हेतु सामुहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ को अनवरत जारी रखने का आग्रह किया।

सनातन सत्संग मंडल व्दारा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिनांक 4नवम्बर मंगलवार को ठीक 8बजे 59वें सामुहिक पाठ में शिव वाटिका आनंद विहार पर अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार भाग लेने का आग्रह किया है।



## अंगीकार अभियान के तहत पीएम आवास जिला स्तरीय मेले में हितग्राहियों को मिला लाभ

**मंदसौर।** अंगीकार अभियान के अंतर्गत संजय गांधी उद्यान, मंदसौर में प्रधानमंत्री आवास योजना जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी पीओ डूडा श्रीमती प्रियंका मिमरोट द्वारा बताया गया कि मेले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के कुल 159 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

मेले में उपस्थित सभी हितग्राहियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 , प्रधानमंत्री उवला योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं आयुष्मान भारत योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया ।कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना रहा। मेले में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लेने की इच्छा जताई।

**एक नजर** | **121 गैर–जमानती वारंट तामील, फरार आरोपी चढ़ा हत्थे**

## पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया अभियान, बड़ी सफलता मिली

**नीमच। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में दिनांक 28–29 अक्टूबर 2025 की दरम्यानी रात को जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त कार्रवाई की।**

गश्त में राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। अभियान के तहत फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी/गुंडा बदमाशों की जांच, होटल–लॉज–ढाबा चेकिंग, महिला संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों की निगरानी तथा लघु अधिनियमों के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की गई।



**प्रमुख उपलब्धियां**– 10 स्थानों पर संयुक्त चौकिंग की गई, जिसमें 250 वाहनों की जांच कर 30 वाहनों के चालान बनाए गए एवं 4,000 समन शुल्क वसूला गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

– कुल 121 वारंट तामील किए गए, जिनमें 30 स्थायी और 91 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। इनमें मादक पदार्थ तस्करी के 2, शरीर संबंधी अपराधों के 54, तथा संपत्ति संबंधी अपराधों के 36 वारंट शामिल हैं।

– 99 निगरानी बदमाशों एवं गुंडों की जांच की गई।

– 64 होटल, लॉज और ढाबों की चेकिंग कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया गया।

– आबकारी अधिनियम के तहत 14 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 62 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

– 29 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

– गंभीर अपराधों एवं धारा 193(9) बीएनएसएस / 173(8) द.प्र.सं. के तहत 1 फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

– महिला संबंधी अपराधों के 4 आदतन आरोपियों की जांच कर उनके व्यवहार और गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई।

– यह वर्ष 2025 की 10वीं कॉम्बिंग गश्त रही, जिसमें अब तक कुल 1215 वारंट तामील किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने बताया कि जिले में कानून–व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार की कार्रवाइयाँ नियमित रूप से जारी रहेंगी।